दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सरकार की प्राथमिकता : डॉ. श्वेता गुप्ता

सीतामढ़ी। दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुनर्वास एवं स्वावलंबन के संकल्प के साथ सक्षम उत्तर बिहार प्रांत का प्रांतीय अधिवेशन रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर, सीतामढ़ी के सभागार में भव्य रूप से संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डॉ. रामकिशोर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस अधिवेशन में बिहार सरकार की माननीय समाज कल्याण मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए सक्षम के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पुनर्वास विशेषज्ञों, शिक्षाविदों तथा बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों की सहभागिता रही।समाज कल्याण मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने कहा कि दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं बिहार सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण, संरक्षण एवं सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जम्मू-कश्मीर से पधारे सक्षम के अखिल भारतीय संयुक्त सचिव श्री अभय परगल ने अपने संबोधन में नेत्रदान एवं अंगदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। सक्षम के अखिल भारतीय सह सचिव श्री चंद्रभूषण पाठक ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य,



चिकित्सीय सहयोग एवं स्वावलंबन संगठन के प्रमुख कार्यक्षेत्र हैं। अधिवेशन के संयोजक डॉ. राजेश कुमार सुमन ने कहा कि दिव्यांगजनों का सशक्तीकरण केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता, जागरूकता और सामूहिक सहभागिता से संभव है। इस अवसर पर सक्षम के दक्षिण बिहार अध्यक्ष श्री संजय कुमार, उत्तर बिहार अध्यक्ष श्री अरुण कुमार तथा सरस्वती विद्या मंदिर के सचिव श्री रामनरेश ठाकुर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। क्रियान्वयन सत्र में डॉ. एस.के. वर्मा, डॉ. प्रीति पराशर, डॉ. अपेक्षा पंखुड़ी, डॉ. मनीष कृष्णा एवं डॉ. उमाशंकर सिंह ने अपने-अपने विषयों पर महत्वपूर्ण विचार एवं अनुभव साझा किए। समापन सत्र में सीतामढ़ी विधायक श्री सुनील कुमार पिंटू ने दिव्यांगजनों के सम्मान एवं अधिकारों के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया। समापन सत्र की अध्यक्षता की सीतामढ़ी के सिविल सर्जन डॉ. रविन्द्र कुमार यादव ने की। समाज की मुख्यधारा से अलग नहीं, बल्कि उसके अभिन्न और सम्मानित अंग हैं।

उनका सशक्तीकरण किसी एक व्यक्ति, संस्था या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। सक्षम का संकल्प है दिव्यांगजनों को दया नहीं, अधिकार; उपेक्षा नहीं, सम्मान; और निर्भरता नहीं, स्वावलंबन का अवसर मिले।

चापाकल ठीक करने गये मिस्त्री की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

परिहार। बेला थाना क्षेत्र के मच्छपकौनी गांव में शनिवार की शाम चापाकल की मरम्मत करने गए एक मिस्त्री की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इसके बाद वहां कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। मृतक की पहचान बेला थाना क्षेत्र के ही गोरहारी गांव निवासी राम प्रबोध पासवान के तीस वर्षीय पुत्र ब्रजेश पासवान के रूप में हुई है। पहले मामले को स्थानीय स्तर पर सलटाने का प्रयास किया गया। लेकिन बात नहीं बनने पर रविवार की सुबह कुछ लोगों ने बेला परिहार पथ को गोरहारी चौक पर जाम कर दिया और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर बेला पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर जाम समाप्त कराया। इसके बाद पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सीतामढ़ी भेज दिया। जानकारी के मुताबिक ब्रजेश मच्छपकौनी गांव निवासी मोहम्मद जाबिर के घर चापाकल ठीक करने गया था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। बृजेश की मां शांति देवी ने उसकी हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि अभी तक पुलिस को किसी प्रकार का आवेदन नहीं दिया गया है। थानाध्यक्ष अचल अनुराग ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शांति समिति की बैठक में उठी मांगों पर प्रशासन ने दिखायी तत्परता

सोनबरसा। शांति समिति की बैठक में उठीं जनसमस्याओं पर प्रशासन ने त्वरित पहल शुरू कर दी है। बीडीओ मृत्युंजय कुमार ने फूलकाहां-भुतही पथ पर बने गड्ढों को ईंट के टुकड़ों से भरवाया। वहीं, सड़क किनारे पेड़-पौधों की छंटाई और खराब चापाकलों की मरम्मत का काम भी पूरा करा दिया गया है। बीडीओ ने बताया कि शांति समिति की बैठक में सड़क पर बने गड्ढों की मरम्मत, चापाकलों को दुरुस्त कराने और सड़क किनारे पेड़-पौधों की छंटाई कराने की मांग उठाई गई थी। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके बाद वन विभाग के कर्मियों ने सड़क किनारे पेड़-पौधों की छंटाई की, जबकि पीएचईडी विभाग ने चापाकलों की मरम्मत कराई। बताया जाता है कि इन समस्याओं को पूर्व पैक्स अध्यक्ष संजय पूर्वे ने बैठक में प्रमुखता से उठाया था। बीडीओ मृत्युंजय कुमार स्वयं क्षेत्र का भ्रमण कर विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते और समस्याओं के समाधान की निगरानी करते दिखे। इस दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी बालहंस, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार एवं संजय पूर्वे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दिव्यांग रहमान की हत्या से एसोसिएशन मर्माहत

पीड़ित परिवार को न्याय और सहायता दिलाने की मांग

सीतामढ़ी। सोनबरसा प्रखण्ड क्षेत्र के तिलंगी गांव में दिव्यांग रहमान की पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटना



से एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिसैबिलिटीज के पदाधिकारियों ने गहरा दुख जताया है। रविवार को एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा 'कवि जी' एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हरदेव प्रसाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे।

उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए हरसंभव मदद और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मृतक रहमान की पत्नी भी दिव्यांग है। पति की हत्या के बाद परिवार के सामने जीवन-यापन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इसे देखते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की मांग उठाई। एसोसिएशन ने हत्या में शामिल सभी आरोपितों की अविलंब गिरफ्तारी, मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की।पात्रता के अनुसार पारिवारिक लाभ योजना का लाभ देने और परिवार की सुरक्षा एवं आजीविका के लिए प्रशासन से विशेष पहल करने का भी आग्रह किया गया। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सीतामढ़ी के पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले में त्वरित कार्रवाई और आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का अनुरोध करने की बात कही और भुतही थाना प्रभारी चन्द्रगुप्त कुमार से भी मिलकर घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की मांग रखी। मौके पर प्रदेश आरटीआई प्रभारी मुकेश कुमार महतो, प्रदेश सचिव गायत्री कुमारी, जिला अध्यक्ष शिव शंकर यादव, जिला सचिव संजीव कुमार, महिला जिला अध्यक्ष रिंकू कुमारी, जिला संरक्षक राम पुकार ठाकुर, कमरुद्दीन, इब्राहिम, पूजा कुमारी, सुरेश सिंह, सहवीर ठाकुर, सोनफी कुमार, दिनेश राम, प्रभु राय, विनोद कुमार, जोगिंदर कुमार, शत्रुघ्न कुमार, पवन कुमार, रविंद्र कुमार, बिकाऊ कुमार, कर्मेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, अजय रावत, फुल्कित चौरसिया, ज्ञानेश मांझी, मोहम्मद अनवर, लाल बाबू राय एवं मुकेश राम सहित अन्य दिव्यांगजन उपस्थित थे।

अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत


बाजार जाने के दौरान हुआ दुर्घटनाग्रस्त

रुन्नीसैदपुर। थाना क्षेत्र के बेलसंड-रुन्नीसैदपुर पथ पर विवाह भवन के समीप शनिवार देर शाम अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामपुर गांव निवासी जयकिशोर मंडल के 18 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार के रूप में हुई है।

प्राप्त सूचना अनुसार संजीव शनिवार देर शाम को अपने घर से बाइक पर सवार होकर रुन्नीसैदपुर बाजार जा रहा था। इसी दौरान चकदोनई गांव स्थित एक विवाह भवन के समीप रुन्नीसैदपुर की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुन्नीसैदपुर लाया गया जहां चिकित्सक डॉ. जरीन फातिमा ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे अवर निरीक्षक अविनाश कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सीतामढ़ी भेज दिया। थानाध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन की पहचान करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

कम उम्र में बढ़ रहा कोरोनरी हार्ट डिजीज का खतरा : डॉ. सुबोध कुमार महतो

सीतामढ़ी। हृदय रोग आज वैश्विक स्तर पर गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। विशेष रूप से भारतीयों में कम उम्र में कोरोनरी आर्टरी डिजीज (ष्टष्ठ) यानी हृदय की धमनियों में रुकावट की समस्या तेजी से चिंता का विषय बन रही है। बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान, शारीरिक गतिविधियों की कमी, तनाव और अनियमित दिनचर्या हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे में हृदय रोग से बचाव के लिए समय रहते जागरूक होना बेहद जरूरी है। डॉ. सुबोध कुमार महतो ने हृदय स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और नियमित जांच को प्राथमिकता देने पर जोर दिया है।उन्होंने कहा कि भारतीयों में हृदय रोग कई बार पश्चिमी देशों की तुलना में कम उम्र में विकसित हो सकता है। इसकी सबसे चिंताजनक बात यह है कि कोरोनरी आर्टरी डिजीज लंबे समय तक बिना स्पष्ट लक्षणों के शरीर में मौजूद रह सकती है। कई बार व्यक्ति स्वयं को पूरी तरह स्वस्थ समझता रहता है, लेकिन अचानक हार्ट अटैक जैसी गंभीर स्थिति सामने आ जाती है। डॉ. सुबोध के अनुसार, हृदय रोग की रोकथाम के लिए बीमारी के लक्षणों का इंतजार करना समझदारी नहीं है। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर की निगरानी करनी चाहिए। विशेष रूप से कोलेस्ट्रॉल और लिपोप्रोटीन (ए) जैसे जोखिम कारकों के प्रति जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के परिवार में कम उम्र में हार्ट अटैक या हृदय रोग का इतिहास रहा है, उन्हें अपने हृदय स्वास्थ्य को लेकर विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार समय रहते जोखिम का आकलन और आवश्यक जांच कराना बेहद महत्वपूर्ण है। डॉ. सुबोध कुमार महतो ने स्वस्थ हृदय के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और तनाव प्रबंधन को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने की सलाह दी।



दिल्ली में आयोजित वोट बचाओ देश बचाओ महारैली के समर्थन में जिला कांग्रेस ने निकाला मार्च

सीतामढ़ी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर दिल्ली में आयोजित वोट बचाओ देश बचाओ महारैली के



समर्थन में रविवार को सीतामढ़ी जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा शहर के कारगिल चौक तक मार्च निकाला गया। हाथों में पार्टी का झंडा और संविधान की प्रति लिए कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। मार्च में शामिल पूर्व जिला उपाध्यक्ष सीताराम झा, प्रमोद कुमार नील, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. राजीव कुमार काजू, मो. शम्स शाहनवाज, रितेश रमण सिंह, प्रो. राज कुमार गुप्ता, घनश्याम मिश्र, ऋतु ठाकुर ने कहा कि संविधान, लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थानों को बचाने के लिए देशवासी राहुल गांधी के साथ खड़े हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के हाथों कि कठपुतली बनकर चोर दरवाजे से भाजपा को सत्ता दिलाने का काम कर रहे हैं। एसआईआर के नाम पर करीब 13 करोड़ वैध मतदाताओं का नाम चुनाव से ठीक पहले काटकर भाजपा को फायदा पहुंचाया गया, जिसका पर्दाफाश हो चुका है। वोट चोरी के जिम्मेदार मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अविलंब हटाकर जेल भेजा जाना चाहिए। मौके पर शैलेन्द्र खिरहर, धीरज सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा, सोहन प्रसाद, अमजद खान, जैनेन्द्र कुमार, अख्तर खान, वेदांशु सिंह, शिपु कुमार, नंदन कुमार पासवान, पंकज कुमार, सेराज अहमद, तनवीर खान, सत्येंद्र सिंह, रोहित कुमार दास, अभयकान्त सिंह, नसीम खान आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

MAHARAJA LOTTERY
01.11.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	52
09.00	M-Two	31
09.30	M-Three	38
10.00	M-Four	18
10.30	M-Six	70
11.00	M-Eight	69
11.30	M-Nine	07
12.00	M-Ten	40
12.30	M-Eleven	50
01.00	M-Tweleve	07
01.30	M-Fourteen	87
02.00	M-Fifteen	43
02.30	M-Seventeen	46
03.00	M-Eighteen	12
03.30	M-Nineteen	29
04.00	M-Twenty	15
04.30	M-Twenty-one	07
05.00	Mahajara Twenty	28
05.30	Mahajara Twenty one	40
06.00	Mahajara Twenty	76

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

राजा रानी कूपन
DATE :01.11.2026

08:30	RAJARANI PAHLADAW	56
09:00	RAJARANI SUBEHA	53
09:30	RAJARANI KIRAN	13
10:00	RAJARANI HINDUSTANI	77
10:30	RAJARANI PRABHAT	16
11:00	RAJARANI LAJBAB	54
11:30	RAJARANI SAMRAT	17
12:00	RAJARANI DELUX	95
12:30	RAJARANI AFTERNOON	98
01:00	RAJARANI KINGS	31
01:30	RAJARANI ROYAL	58
02:00	RAJARANI MILLENNIUM	50
02:30	RAJARANI HUNDRED	09
03:00	RAJARANI DIAMOND	89
03:30	RAJARANI SONA	65
04:00	RAJARANI EXPRESS	73
04:30	RAJARANI SPECIAL	19
05:00	RAJARANI SANDHYA	14
05:30	RAJARANI CHANDANI	95
06:00	RAJARANI SHAM	71

Contact for Results: 020 24444468
08446006490-08087744446
https://rrreward.com/

संगम
Date : 01.11.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	41	02.30 p.m.	76
09.30 a.m.	57	03.00 p.m.	58
10.00 a.m.	14	03.30 p.m.	94
10.30 a.m.	77	04.00 p.m	22
11.00 a.m.	56	04.30 p.m.	06
11.30 a.m.	47	05.00 p.m.	97
12.00 noon	63	05.30 p.m.	32
12.30 a.m.	65	06.00 p.m.	67
01.00 p.m.	43	06.30 p.m.	49
01.30 p.m.	48	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	16	Contact for result :	

011-40451774, 011-40451775

चेतक

09.00 a.m.	36	02.30 p.m.	28
09.30 a.m.	54	03.00 p.m.	03
10.00 a.m.	01	03.30 p.m.	10
10.30 a.m.	82	04.00 p.m.	31
11.00 a.m.	07	04.30 p.m.	90
11.30 a.m.	06	05.00 p.m.	70
12.00 noon	87	05.30 p.m.	73
12.30 a.m.	55	06.00 p.m.	96
01.00 p.m.	92	06.30 p.m.	34
01.30 p.m.	63	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	24	Contact for result :	

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

09.00 a.m.	32	02.30 p.m.	34
09.30 a.m.	06	03.00 p.m.	08
10.00 a.m.	50	03.30 p.m.	04
10.30 a.m.	26	04.00 p.m.	75
11.00 a.m.	97	04.30 p.m.	51
11.30 a.m.	94	05.00 p.m.	81
12.00 noon	14	05.30 p.m.	63
12.30 a.m.	70	06.00 p.m.	05
01.00 p.m.	34	06.30 p.m.	06
01.30 p.m.	10	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	77	Contact for result :	

011-40451993, 011-40451994
www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

जातिगत जनगणना अनिवार्य के मुद्दे पर अतिपिछड़ा वर्ग की बैठक

युवा अति पिछड़ा के संयोजक बने मिट्ठू कुमार पान

सीतामढ़ी। अति पिछड़ा आरक्षण बचाओं संघर्ष मोर्चा सीतामढ़ी के तत्वाधान में डुमरा में जिला संयोजक राजेंद्र महतो चंद्रवंशी की अध्यक्षता में बैठक हुई। संचालन बबलू मंडल ने किया। बैठक में राष्ट्रीय जनगणना 2026 में सभी धर्मों के सभी जातियों की जातिगत जनगणना अनिवार्य करने, जनसंख्या के अनुपात में पंचायती राज में अति पिछड़ा वर्ग को 38 प्रतिशत आरक्षण लागू करने, अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की समीक्षा करने ईत्यादि मुद्दे पर चर्चा हुई।

बैठक में मिट्ठू कुमार पान ने भारत सरकार से जनगणना 2026 में सभी धर्मों के सभी जातियों की जाति का नाम अनिवार्य रूप से अंकित करने की मांग की। भिखारी शर्मा एवं बेबी कुमारी



सरपंच ने 2015 के बाद अति पिछड़ा वर्ग में शामिल जातियों की समीक्षा कर मूल अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को संरक्षित करने की मांग की।

बैठक में सर्वसम्मति से युवा अति पिछड़ा का जिला संयोजक मिट्ठू कुमार पान को बनाया गया। बैठक में श्रवण सहनी, राजीव कुमार भंडारी,केशरदेव लाल शाह, मो महफूज़, अशोक निराला, सुनील शर्मा संजय साहनी ,शिवनाथ चंद्रवंशी ,रामबाबू सहनी, नरेश महतो, शत्रुघन कुमार, पप्पू ठाकुर ,राजाराम पंडित, दशरथ प्रसाद ठाकुर, उमेश साहनी ,उपेंद्र साहनी, सोजिंदर महतो, मुकेश कुमार, लक्ष्मण ठाकुर, मोहम्मद नजीर हजाम, महंत मुखिया ,हरिश्चंद्र प्रसाद गुप्ता, वीरेंद्र कुमार ,दिगंबर शर्मा, केसरदेव लाल शाह ,अनिल कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

शिवहर में आज और कल कृषि यांत्रिकीकरण मेला

शिवहर। संयुक्त कृषि भवन परिसर में होगा आयोजन; विभिन्न कृषि यंत्रों पर 40 से 80 प्रतिशत तक अनुदान की जानकारी एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। किसान मुख्यमंत्री, बिहार सरकार सम्राट चौधरी के निर्देशानुसार शिवहर जिले में दिनांक 02 एवं 03 नवंबर, 2026 को संयुक्त कृषि भवन, ब्लॉक रोड, शिवहर परिसर में दो दिवसीय कृषि यांत्रिकीकरण मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का उद्घाटन 02 नवंबर, 2026 को पूर्वाह्न 11ः00 बजे होगा। इस मेले में किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी देने के साथ उनका प्रदर्शन किया जाएगा। किसान विभिन्न कृषि यंत्रों की उपयोगिता से परिचित हो सकेंगे तथा कृषि यांत्रिकीकरण योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी एवं प्रदर्शन - खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न आधुनिक यंत्रों को जानने और उनकी कार्यप्रणाली समझने का अवसर। कृषि यांत्रिकीकरण योजना के अंतर्गत विभिन्न कृषि यंत्रों पर 40 से 80 प्रतिशत तक देय अनुदान के संबंध में जानकारी। ज़िला प्रशासन शिवहर ज़िला के किसान भाइयों एवं बहनों से अपील करते हैँ कि वे अधिकाधिक संख्या में मेले में भाग लें तथा आधुनिक कृषि यंत्रों और अनुदान संबंधी जानकारी प्राप्त कर इस अवसर का लाभ उठाएं।

नेपाल के अधिकारियों के साथ सीमा समन्वय की बैठक

परिहार। एसएसबी एवं नेपाल एपीएफ के अधिकारियों के साथ रविवार को सीमा समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक में नेपाल की ओर से एपीएफ सर्लाही व एपीएफ के महोत्तरी एसपी समेत कुल आठ अधिकारियों ने इस बैठक में भाग लिया। जबकि भारत की ओर से कुल 5 पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में एसएसबी के कमांडेंट संजीव कुमार सिंह एवं असिस्टेंट कमांडेंट दीपक मिश्रा मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से सीमा की सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर दिया गया। दोनों देशों के अधिकारियों ने आपसी समन्वय स्थापित कर बॉर्डर की निगरानी करने पर सहमति जताई। इसके अलावा बैठक में कई अन्य बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया।

10 साल से लगातार विश्वास रखने वालों का धन्यवाद
ORIGINAL
NAVRATNA YANTRA

01.11.26	नवरत्ना	राजारानी	रॉयल	चेतक
08:30	94	42	65	07
09:00	58	73	60	11
09:30	86	65	47	14
10:00	95	99	00	77
10:30	60	63	97	39
11:00	60	24	19	78
11:30	21	52	24	24
12:00	66	25	42	65
12:30	26	44	02	37
01:00	37	52	31	12
01:30	81	32	69	94
02:00	58	32	85	04
02:30	31	75	72	87
03:00	18	27	54	14
03:30	59	03	81	37
04:00	17	68	60	77
04:30	65	87	50	19
05:00	74	58	97	46
05:30	93	85	21	77
06:00	76	01	29	15
06:30	27	49	51	40

ट्रेड इन्क्वायरी के लिए संपर्क करें
9833255244
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें:
022-66677666
Ph.: 8657216263, 9136183911, 9967910136, 9967793681
Website : navratnayantracoupon.com
Website : goldennavratnacoupon.com

SHREE GOLDWIN
RASHI BHAVISHYA
तारीख - 01-11-2026 के शुभ अंक

TIME	शुभ अंक		TIME	शुभ अंक	
09:00	6078	7052	01:45	6088	7025
09:15	6087	7040	02:00	6039	7096
09:30	6042	7028	02:15	6039	7084
09:45	6029	7030	02:30	6073	7037
10:00	6016	7024	02:45	6051	7061
10:15	6006	7029	03:00	6049	7081
10:30	6046	7071	03:15	6035	7009
10:45	6034	7091	03:30	6085	7068
11:00	6028	7041	03:45	6060	7070
11:15	6031	7022	04:00	6039	7084
11:30	6008	7070	04:15	6089	7071
11:45	6000	7083	04:30	6076	7007
12:00	6012	7062	04:45	6008	7093
12:15	6004	7093	05:00	6072	7090
12:30	6039	7086	05:15	6035	7000
12:45	6000	7012	05:30	6026	7015
01:00	6053	7012	05:45	6070	7009
01:15	6071	7001	06:00	6028	7007
01:30	6027	7064			

60 FIRST LUCKY WINNERS OF FREE BRACELET
70 FIRST LUCKY WINNERS OF FREE RING
फोन या WhatsApp ग्रुप पर शुभ अंक जानने के लिए संपर्क करें
ट्रेड इन्क्वायरी के लिए संपर्क करें
8450981670
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें:
022-66677688
7400058032
7400058042
9819026124
WATCH LIVE ON WEBSITE
60 और 70 के शुभ अंक देखने के लिए हमारी वेबसाइट पर भी आप देख सकते है।
www.shreerashibhavishya.com
www.goldwinrashi.com

राजारानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m.	89	MILLENNIUM	2.00 p.m.	58
SUBEHA	9.00 a.m.	31	100	2.30 p.m.	00
KIRAN	9.30 a.m.	69	DIAMOND	3.00 p.m.	18
HINDUSTANI	10.00 a.m.	16	SONA	3.30 p.m.	15
PRABHAT	10.30 a.m.	12	EXPRESS	4.00 p.m.	05
LAJBAB	11.00 a.m.	37	SPECIAL	4.30 p.m.	36
SAMRAT	11.30 a.m.	51	SANDHYA	5.00 p.m.	06
DELUX	12.00 noon	21	CHANDANI	5.30 p.m.	18
AFTERNOON	12.30 a.m.	64	SHAM	6.00 p.m.	95
KING	1.00 p.m.	41	EVENING	6.30 p.m.	83
ROYAL	1.30 p.m.	72	Check result with official website/Gzt.		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

राजश्री
Date : 01.11.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	41	02.00 p.m.	15
09.30 a.m.	95	02.30 p.m.	70
10.00 a.m.	24	03.00 p.m.	93
10.30 a.m.	07	03.30 p.m.	80
11.00 a.m.	92	04.00 p.m.	34
11.30 a.m.	30	04.30 p.m.	09
12.00 noon	94	05.00 p.m.	45
12.30 p.m.	50	05.30 p.m.	78
01.00 p.m.	98	06.00 p.m.	67
01.30 p.m.	13	06.30 p.m.	40

Contact for result:
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com
ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608

न्यायालय में,
सब जज प्रथम,
शिवहर।
इजराय वाद सं -04/ 2025
डॉ. नसीमा हसन..............डिक्रीदार
बनाम
दी चेयरमैन सहारा ग्रुप- 2 वो. निर्णित ऋणी

नोटीश बनाम 1. दी चेयरमैन सहारा ग्रुप कपोरथाला कम्पलेक्स अलीगंज, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), 226024, 2. दी यू.पी. प्रबंधक सहारा ग्रुप-2 कपोरथाला कम्पलेक्स अलीगंज, लखनऊ (उत्तर प्रदेश), 226024, 3. दी रिविजनल मैनेजर सीतामढ़ी शंकर कम्पलेक्स रिजिनल ऑफिस सहारा इंडिया, सीतामढ़ी 843302, 4. दी सेक्टर मैनेजर सहारा इंडिया, थाना रोड शिवहर 843329 चूं वजरिए इस नोटिस हाजा के आपलोगो को सूचित किया जाता है कि इस वाद का डिक्रीदार डॉ. नसीमा हसन ने मेरे न्यायालय में आपलोगों के विरूद्ध इजराय वाद सं.-04/ 2026 दाखिल किया है। जिसमें आपलोगों के विरूद्ध न्यायालय के नजारात से सम्मन वो डाक से निबंधित लिफाफ भेजा गया है। परन्तु आपलोग उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं कर रहे है। अतः इस नोटीश हाजा के आपलोगों को अगाह किया जाता है कि दिनांक 25-11-26 को समय 10.30 बजे आपलोग स्वयं या अपने विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। वरना आपलोगों के विरूद्ध एक पक्षीय सुनवाई प्रारंभ कर दी जाएगी। इसे ताकिद जानें।

हस्ताक्षर
सब जज प्रथम
व्यवहार न्यायालय शिवहर

राज्य कर्मी के दर्जे की मांग को लेकर डाटा एंट्री ऑपरेटरों का रोड मार्च

शिवहर। जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर, प्रोग्रामर, स्टेनोग्राफर, आईटी ब्वॉय/गर्ल संघ द्वारा बुधवार को जीरो माइल चौक से जिलाधिकारी आवास स्थित धरना स्थल तक रोड मार्च निकाला गया। संघ के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, संरक्षक मुकेश कुमार, सचिव अमन कुमार व पूजा कुमारी ने बताया कि बेल्ट्रॉन के माध्यम से पूरे बिहार में लगभग 25 हजार कर्मी पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत हैं। अकेले शिवहर जिले में करीब 200 ऑपरेटर विभिन्न विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि सरकार 1997 से इन कर्मियों से



टाइप सेक्शन और ऑनलाइन कार्यों का निष्पादन करा रही है, लेकिन आज तक मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सैकड़ों कर्मी बिना किसी सेवानिवृत्ति लाभ के रिटायर हो चुके हैं। कर्मियों ने सरकार से मांग की है कि बेल्ट्रॉन कर्मियों के पदों का सृजन कर उन्हें अविलंब राज्य कर्मी का दर्जा दिया जाए, सूचना प्रावैधिकी विभाग को नोडल विभाग घोषित किया जाए और वेतनमान लागू किया जाए, अन्यथा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।